रेलवे लाइन से कॉपर वायर चोरी करने वाले गिरोह के 5 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की परीक्षाएं 18 अगस्त से 3 सितंबर तक परीक्षा केन्द्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में प्रातः 8.30 बजे से 11.45 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों के सघन निरीक्षण एवं अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया हैं। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर को दल प्रभारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं परिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बलरामपुर को दल सदस्य बनाया गया है।

### नेत्रदान पखवाड़ा 25 से निकाली जाएगी रैली

**अम्बिकापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्र दान पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसी कड़ी में जन-जागरूकता हेतु 25 अगस्त को सुबह 9.30 बजे से राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंह देव चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय के प्रागंण से नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली जय स्तम्भ चौक, महामाया चौक होते हुए घड़ी चौक से वापस संगम चौक, ब्रम्ह रोड होते हुये वापस अपने पूर्व गंतव्य तक आएगी।

### पीएम आवास सत्यापन कार्य में रुपए लेने वाला सचिव निलंबित

**बलरामपुर।** विकासखंड रामचंद्रपुर में ग्राम पंचायत विशालपुर के सचिव बालदेव यादव के विरूद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत आवास सत्यापन कार्य में हितग्राहियों से 100-100 रुपए लिये जाने के संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत प्राप्त होने पर, जनपद पंचायत स्तरीय तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर जांच कराये जाने पर प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाया गया है। बालदेव यादव का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम-1998 के नियम-03(1)(2)(3) का स्पष्ट उल्लंघन है। कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम-4 के तहत जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर द्वारा बालदेव यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में बालदेव यादव का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्री बालदेव को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**लखनपुर।** एनएच 130 पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। मामले में पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही अपराध दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि जजगा डोकरनारा निवासी 18 वर्षीय विकास कुमार आ. धुपन सिंह कंवर 22 अगस्त को अपने साथी विजेंद्र पैकरा के साथ किसी काम से बाइक क्रमांक सीजी 15 डीबी 2894 से लखनपुर आया हुआ था और रात को दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान रात लगभग 8.20 बजे मुख्य मार्ग पर जजगा मोड़ के समीप उदयपुर से लखनपुर की ओर जा रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज रफ्तार से बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लखनपुर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने विकास कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि विजेंद्र पैकर को प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया।

## भारी बारिश में छतरी लेकर सड़क पर निकले सैंकड़ों लोग

# बीच सड़क पर धरना देकर बैठे ग्रामीण, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के बगीचा नगर में शनिवार को तेज मूसलाधार बारिश के बीच नागरिकों का सड़क चौड़ीकरण और सड़क के बीच एक पेड़ काटने की मांग को लेकर लेकर जबरजस्त धरना प्रदर्शन सामने आया है। नगर पंचायत बगीचा के वार्ड क्रमांक 3, 4 और 5 के सैकड़ों ग्रामीणों ने बस स्टैंड के मुख्य चौक पर चक्का जाम कर दिया, जिससे पूरे बगीचा क्षेत्र का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है।

प्रदर्शन में डम्हा टोली, डूमर टोली, भट्टीकोना और रापत कोना के लोग भारी संख्या में शामिल हुए हैं। नागरिकों ने छाता लेकर बारिश के बीच प्रदर्शन करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जब तक प्रशासन उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं करता, उनका आंदोलन जारी रहेगा और चक्काजाम नहीं खुलने देंगे। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, जिस सड़क से इन वार्डों को जोड़ने का कार्य होता है, वह लगभग पचास वर्ष पुरानी है और आज भी संकरी अवस्था में है। वर्षों से इस सड़क पर संकीर्णता के कारण आवागमन में दिक्कत है। जिसके चलते न तो सड़क का चौड़ीकरण हो पाया है और न ही आपातकालीन सेवाएं वहां सुचारू रूप से पहुंच पाती हैं। ग्रामीणों का कहना हैं कि एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, स्कूल वाहन और अन्य ज़रूरी सेवाओं को उस सड़क से गुजरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार लिखित और मौखिक शिकायतों के बावजूद, स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।पेड़ काटने का आदेश होने के बाद विगत एक वर्ष में प्रशासन एक पेड़ नहीं कटवा सका।हालांकि इसमें दूसरे पक्ष ने स्थगन प्राप्त किया हुआ है। चक्का जाम के कारण बस स्टैंड बगीचा से रवाना होने वाली सभी बसें रोक दी गईं, और क्षेत्र में लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। स्थानीय दुकानदारों और यात्रियों को इससे भारी परेशानी हो रही है फिलहाल पुलिस बल मौके पर तैनात है और प्रशासनिक अधिकारी प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर स्थिति सामान्य करने के प्रयास में लगे हुए हैं। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक अतिक्रमण हटाने और सड़क चौड़ीकरण की लिखित कार्यवाही नहीं होती, वे आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। बगीचा एसडीएम प्रदीप राठिया ने बताया कि जनता की समस्या को गंभीरता से लिया गया है। हम वार्डवासियों से संवाद कर रहे हैं और शीघ्र समाधान के लिए रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जा रही है।



**केवल आश्वासन नहीं, कार्रवाई चाहिए:** ग्रामीणों का कहना है कि हमें केवल आश्वासन नहीं,जमीनी स्तर पर कम चाहिए।अभी तक हमने प्रशासन का आश्वासन ही मिलता रहा है। नगरों में आधारभूत सुविधाओं की अनदेखी अब जन आक्रोश का कारण बन रही है। बगीचा जैसी महत्वपूर्ण जगह में वर्षों पुरानी सड़क पर अव्यवस्था चिंताजनक है। प्रशासन को इस विषय में तत्काल ठोस कदम उठाकर नागरिकों को प्राथमिक सुविधाओं का तत्काल लाभ दिलवाने का प्रयास करना होगा।



## सड़क में चलना हुआ दूभर, बस स्टैंड के इंदिरा चौक तक विशालकाय गड्ढे

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव को दशकों पुरानी सड़क की समस्या से निजात मिलता नहीं दिख रहा है। बस स्टैंड चौक जहां से पत्थलगांव का हर व्यक्ति चाहे वो किसी भी रास्ते से जाए उसे बस स्टैंड चौक से होकर गुजरना ही होगा। और यहीं है सड़क में विशालकाय गड्ढे।

जहां से आपको खुदको और अपने वाहन को बचाते हुए सुरक्षित जाने की जद्दोजहद करनी होगी। तभी आप वहां से निकल पाएंगे। पैदल यात्री और बाइक, स्कूटी वालों की तो बात ही छोड़ दीजिए। उन्हें तो परेशान होने से कोई बच्चा ही नहीं सकता। पूरा शहर का मुख्य और व्यस्तम मार्ग लगभग 100 से 200 मीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क की हालत बत्त से बदतर बन चुका है। जिसे देख कर ये अंदाजा लगाना आसान होगा कि राष्ट्रीय राजमार्ग नाम का कोई विभाग कार्यरत है भी की नहीं। और अगर है तो उसके बड़े से लेकर छोटे अधिकारी किस नींद में सोए हुए है जो उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के बस स्टैंड चौक की बदहाल स्थिति पता नहीं चल पा रहा है। इस मार्ग से स्थानीय लेबल के सभी अधिकारी कर्मचारियों से लेकर सभी पार्टियों के नेताओं का चलना हो रहा। पर किसी को भी रास्ट्रीय राजमार्ग 43 के बस स्टैंड चौक के खस्ताहाल विशालकाय गड्ढों का ⏭ शेष पेज 4 पर

# शराब दुकान चोरी मामले में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

इन दिनों कोतबा क्षेत्र में एक के बाद एक हो रही चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। कोतबा स्थित शराब दुकान में चोरी का प्रयास करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी में प्रयुक्त स्कूटी वाहन और उसी रात पुलिस को चकमा देकर भागे आरोपियों के द्वारा चोरी कर स्कूटी ले जाने वाली स्कूटी को भी बरामद किया हैं।

गिरफ्तार आरोपी का नाम भुवनेश्वर यादव उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम कटईपानी(डी)चौकी बकारुमा थाना धरमजयगढ़,व दूसरा आरोपी संजय कुमार राठिया निवासी सकरलिया जिला रायगढ़ को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ बी.एन.एस. की धारा 331(4),305(1),324 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस के अनुसार शराब दुकान के मैनेजर प्रार्थी सच्चिदानंद भगत, उम्र 37 वर्ष , निवासी पुत्रीचौरा, लोदाम, थाना लोदाम वर्तमान निवास कोतबा , ने चौकी कोतबा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि, वह कोतबा में सुपरवाइजर है। 19 अगस्त की रात्रि 10 बजे वह शराब दुकान को बंद कर, सुरक्षा कर्मी ललित राम को पहरा करने हेतु बोलकर, अपने निवास स्थान पर चले गया था कि दुकान के सेल्समेन ने बताया कि शराब दुकान का ताला टूटा हुआ है, शटरअंदर से बंद है। जिस पर प्रार्थी के द्वारा चौकी कोतबा पुलिस को फोन सूचित कर, तत्काल चौकी कोतबा पुलिस के साथ, शराब दुकान के अन्य स्टाफ को लेते हुए शराब दुकान में गए, तभी पुलिस की गाड़ी को आता देख,दो नकाबपोश व्यक्ति, शराब दुकान से एक काले रंग की स्कूटी में चौकी कोतबा क्षेत्रांतर्गत ग्राम आमाटोली की ओर भागने लगे, पुलिस को पीछा करते देख दोनों नकाबपोश व्यक्ति स्कूटी को छोड़कर कर जंगल का फायदा उठा कर भाग गए। विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा घटना स्थल की सीसीटीव्ही फुटेज व संदिग्ध आरोपियों के द्वारा छोड़ी गई, काली रंग की जुपिटर स्कूटी क्रमांक CG13BB0363 के आधार पर रायगढ़ जिला क्षेत्र के ग्राम सकरलिया, धर्मजयगढ़ निवासी आरोपी संजय कुमार राठिया मौके से फरार हो गया, परंतु पुलिस के द्वारा उसके साथी भुवनेश्वर यादव को पकड़ लिया गया व हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पुलिस की पूछताछ पर आरोपी भुवनेश्वर यादव के द्वारा अपने साथी संजय कुमार राठिया के साथ मिलकर ,कोतबा के शराब दुकान में चोरी का प्रयास करना स्वीकार किया गया, पुलिस ने आरोपी भुवनेश्वर यादव के कब्जे से, चोरी में प्रयुक्त हथौड़ी व चोरी करके, ले जाए गए, सी सी टी व्ही कैमरा को बरामद कर जब्त कर लिया है।





# सन्ना कॉलेज में व्यक्तित्व निर्माण नशा मुक्ति अभियान पर कार्यशाला

**जशपुरनगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जशपुर के कार्यकर्ताओं के द्वारा सन्ना के शासकीय नवीन महाविद्यालय और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यक्तित्व निर्माण एवं नशा मुक्ति अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया साथ में सोशल मीडिया, साइबर क्राइम, इंटरनेट के उपयोग के बारे में एवं उसके दुष्प्रभाव भी बताया गया।

गायत्री परिवार के डमरूधर स्वर्णकार ने गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, शराब तंबाकू आदि दुर्व्यसनों के बारे में बताया गया और उनसे होने वाले बीमारियों के संबंध में एवं पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने मानव जीवन की गौरव गरिमा का बखान करते हुए कहा कि 84 लाख योनियों के बाद बड़े भाग्य से यह हम हमारा सुंदर शरीर हमें ईश्वर द्वारा मिलता है। परंतु हम इस मंदिर जैसे शरीर में नशा पान करके इसे बर्बाद करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिस मुख से हम भगवान का भजन करते है उसी मुख से हम दुर्व्यसन करते है तो कैसे हमें उनका अनुदान प्राप्त होगा। इस दौरान श्वेता दुबे ने कहा कि नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम कर हम अपने बुद्धि को बहुत बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बच्चों को अपने व्यक्तित्व के विकास हेतु अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने, शालीनता अपनाने, स्वावलंबी बनने एवं सेवाभावी बनने हेतु आवाहन किया। इसके पश्चात तूलिका पाठक ने सोशल मीडिया के सदुपयोग के बारे में बताया कि मोबाइल का सही अर्थों में अध्ययन सामग्री के लिए हम प्रयोग करें तो इस ज्ञान के सागर से हम बहुत कुछ सिख सकते है। उन्होंने 16 वर्षीय छात्र स्व-शिक्षित एथिकल हैकर युवराज गुप्ता के बारे में बताया जिनका नासा ने अपने हॉल ऑफ फेम में जगह देकर सम्मानित किया है, जिसने नासा की वेबसाइट में एक गंभीर सुरक्षा खामी का पता लगाकर वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई है। तूलिका पाठक ने आगे कहा कि आज मोबाइल के दुरूपयोग से समय की बर्बादी हो रही है, सोशल मीडिया में फोटो से कई प्रकार से साइबर क्राइम हो रहे है जिससे हमें सतर्क रहना चाहिए। इस दौरान राजेश्वरी साहू द्वारा भी बच्चों को व्यक्तित्व निर्माण के बारे में जीवनोपयोगी जानकारी दी गई।

■ सोशल मीडिया, इंटरनेट, साइबर क्राइम की भी दी गई जानकारी

## ग्राम केवरा में करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत, एक गंभीर

**भैयाथान।** ग्राम पंचायत केवरा में आवासीय भवन निर्माण के लिए पुराने विद्युत पोल हटाने के दौरान करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई वहीं भवन स्वामी गंभीर रूप से घायल हो गया।

झिलमिली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा में विपिन चंद्र जायसवाल द्वारा नया मकान बनाया जा रहा है। मकान बनाने के पूर्व निर्माण स्थल से विद्युत लाइन का विस्तार किया गया था। भूमि स्वामी की पहल पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कुछ दूरी पर नया पोल लगाकर विद्युत लाइन का विस्तार किया था। पुराना क्षतिग्रस्त विद्युत पोल निर्माण स्थल की बाउण्ड्री में यथावत खड़ा था। शुक्रवार को दोपहर भूमि स्वामी विपिन चंद्र जायसवाल गांव के ही मजदूर रामप्रसाद विश्वकर्मा (45वर्ष) कल्लू (35वर्ष) के साथ पुराने पोल को हटावा रहा था। गड्ढा खोदने के बाद तीनों मिलकर विद्युत पोल को उखाड़ रहे थे। इस दौरान विद्युत पोल पास से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया तथा करंट की चपेट में आने से पोल उखाड़ रहे राम प्रसाद एवं कल्लू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि विपिन चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से परिजन तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां चिकित्सकों ने विपिन चंद्र विश्वकर्मा एवं कल्लू को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल विपिन चंद्र जायसवाल का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

■ पुराने विद्युत पोल को उखाड़ने के दौरान हुआ हादसा

# जम्मू में शालिनी को मिला नेशनल यूथ एक्सीलेंट अवार्ड

**जशपुरनगर।** बगीचा विकासखंड की शालिनी को नेशनल यूथ एक्सीलेंट अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह आवर्ड जम्मू यूनीवर्सिटी में सर्वश्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता को उनके सामाजिक क्षेत्र में उनके कार्यों को लेकर दिया गया। यह अवार्ड जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद एवं लिव फॉर अदर हेल्पफुल फाउंडेशन के सीईओ डायरेक्टर विवेक परिहार द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से समाजसेवा, सिनेमा, चिकित्सा, शोध एवं अनुसंधान आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को दिया गया।

इस अवार्ड समारोह में शालिनी की मां संतोषी गुप्ता मौजूद रही।





उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जशपुर जिले की बगीचा नगर पंचायत कि शालिनी को उनके सामाजिक कार्यों के लिए यह अवार्ड प्रदान किया गया। शालिनी को समाज सेवा में रुचि होने के कारण 2022 में एमएसडब्ल्यू की शिक्षा पूरी की और भविष्य में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्य करने का निर्णय लिया है। और 8-9 सालों से निरंतर निस्वार्थ भाव से सामाजिक गतिविधियों को लेकर के कार्य कर रही है।

# विकास योजना से सुखसागर आर्थिक रूप से हुआ मजबूत



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले के गौव पालकों को विभागीय योजनाओं को लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बगीचा विकासखण्ड के सुखसागर यादव को राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता विकास योजना एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार योजना का लाभ दिया गया है।

बगीचा विकासखण्ड के पशुधन विकास विभाग द्वारा हितग्राही सुखसागर यादव को राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना का लाभ दिया गया एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार किया गया। राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना से 70 हजार के अनुदान का लाभ दिया गया एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार किया गया। हितग्राही सामान्य किसान है, इनका रोजगार का कार्य खेती था। योजना का लाभ लेने के पूर्व हितग्राही के पास 1 देसी गाय थी। इनकी गाय उस समय लगभग प्रतिदिन 1 लीटर दूध देती थी। जिसका उपयोग घर में ही कर लिया जाता था।

पशुपालन से कोई अतिरिक्त आय नही होती थी। पशुधन विकास विभाग से राज्य डेयरी उद्यमिता विकास अन्तर्गत हितग्राही द्वारा शासकीय योजना का लाभ लेकर 1 उन्नत नस्ल की जर्सी गाय और एक साहीवाल क्रास गाय खरीदा गया। वर्तमान में कुल 16-18 लीटर दूध उत्पादन हो रहा है। जिसके विक्रय से हितग्राही को राशि रूपए 25 हजार से 30 हजार रूपए मासिक आमदनी प्राप्त हो रही है। साथ ही राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम नस्ल सुधार योजना द्वारा कृत्रिम गर्भाधान का लाभ लिया जाता है। जिससे वर्तमान में उन्नत नस्ल की बछिया एवं बाछा उत्पन्न हुई है। पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना का लाभ लेने के पश्चात हितग्राही के आर्थिक स्थिति में सुधार हुई है। विभाग द्वारा समस्त गाय का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। कृमिनाशक दवाईयां एवं मिनरल मिक्सचर प्रदान किया जाता है। आवश्यकतानुसार तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाता है।

■ 16 से 18 लीटर तक हो रहा दूध उत्पादन

## लगातार बारिश से जिले में जनजीवन अस्तव्यस्त

# जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क का एक हिस्सा धंसने लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जिले में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के चलते अब जिले की सड़कें भी टूटने लगी हैं। पंडरापाठ बगीचा मुख्य मार्ग पर रौनी के पास सड़क का एक हिस्सा कटकर खाई में धंसने लगा है। यह मार्ग बगीचा विकासखंड को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है, जिसके क्षतिग्रस्त होने से आवागमन करने वालों की जान पर बन आई है।

लगातार हो रही तेज बारिश से मिट्टी का कटाव बढ़ गया है। रौनी के पास सड़क का किनारा बहकर खाई में समा गया है। सड़क का कुछ हिस्सा धंस चुका है और शेष हिस्सा भी किसी भी समय धंसने की स्थिति में है। इस रास्ते से गुजर रहे वाहन चालक और राहगीर हर पल भय के साये में सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी मनदीप राम ने बताया कि पिछले कई दिनों से बारिश थमने का नाम नहीं ले रही। सड़क किनारे की मिट्टी पूरी तरह बह ⏭ शेष पेज 4 पर



### तीन दिन से भारी बारिश, एसडीएम ने वाहनों का आवागमन कराया बंद

जिले में तीन दिन से लगातार भारी बारिश से बगीचा -पंडरापाठ में भू-स्खलन से स्थानीय प्रशासन ने वाहनों का आवागमन बंद करवा दिया है। बगीचा एसडीएम प्रदीप राठिया ने बताया कि बगीचा से रौनी के बीच में मुख्य सड़क पर बड़ी बड़ी दरार आ गई हैं। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस क्षेत्र में पुलिस तैनात कर वाहनों की आवाजाही अब रजपुरी जलप्रपात वाले मार्ग से कामारिमा से शुरू करा दी गई है। बगीचा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने तत्काल मौके पर पहुंच कर सड़क पर बचाव कार्य शुरू करा दिया गया है।इधर जनपद सीईओ विनोद सिंह ने भी भू-स्खलन की घटना के बाद आसपास के ग्रामीण इलाकों से लगातार संपर्क स्थापित किया गया है।बगीचा में इस प्राकृतिक विपदा के बाद जिला कलेक्टर रोहित व्यास ने भी आवश्यक सहायता मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।फिलहाल बारिश का लगातार प्रकोप को देखते हुए लोगों की चिंता बढ़ गई है।

## खबर संक्षेप



### परमानंद बने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री

**रामानुजगंज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बलरामपुर इकाई रामानुजगंज के नवीन कार्यकारिणी का घोषणा किया गया। नगर मंत्री का दायित्व परमानंद कुशवाहा को सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला संयोजक रितिक सिंह तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विकास महतो उपस्थित रहे। नगर के समस्त कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्व सौंपा गया। नगर मंत्री परमानंद कुशवाहा ने बताया कि विद्यार्थी परिषद लगातार 77 वर्षों से छात्र हित, समाज हित एवं राष्ट्रहित में कार्य करता आया है और हम सभी कार्यकर्ता छात्र, समाज तथा राष्ट्र के लिए कार्य करेंगे।

### गंगापुर हाई स्कूल में बच्चों को साइबर सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक



**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले में साइबर जागरूकता व नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान नव जीवन कार्यक्रम के तहत शनिवार को लटोरी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम गंगापुर के हाई स्कूल में छात्र-छात्राओं को साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट,साइबर जागरूकता के संबंध में उपस्थित पुलिस महकमे द्वारा जानकारी देते हुए जागरूक किया गया एवं बच्चों को स्लोगन के माध्यम से नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई गई, यहां पर उपस्थित छात्र छात्राओं को बताया गया कि साइबर फ्राड के मामले आये दिन बढ़ रहे हैं, आप अपने बैंक खाते की जानकारी किसी को शेयर न करें,मोबाइल फोन पर अनजाने कॉल व वीडियो कॉल को रिसीव न करे एवं किसी भी लिंक को टच कर स्वीकार न करें,इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षक शिक्षिकाएं, चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता,प्रधान आरक्षक दिलेस्वर पैकरा,आरक्षक विकास मिश्रा,शोभनाथ कुशवाहा,महिला आरक्षक मालती उपस्थित रहे।

### कुमदा साइडिंग में सुरक्षा कर्मियों से मारपीट करने व केबल चोरी करने मामले में अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** गुरुवार 21 अगस्त की मध्य रात्रि एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा साइडिंग में करीब 3 दर्जन की संख्या में पहुंचे नकाबपोश कबाड़ चोरों द्वारा कंपनी के दो तैनात सुरक्षाकर्मियों कन्नीलाल व जुगेश्वर को बंधक बनाकर लोहे के रॉड व सब्बल से मारपीट की गई,इसके बाद ताम्बायुक्त लाइटिंग केबल को काटकर अज्ञात बदमाश चुरा ले गये,उक्त मामले की घटना में कुमदा सहक्षेत्र के सुरक्षा प्रभारी पवन शर्मा की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात नकाबपोश हमलावरों के खिलाफ बिश्रामपुर पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 127(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है,पुलिस मामले की जांच कर रही है।बता दें कि कबाड़ चोरों के द्वारा लोहे की रॉड व सब्बल से हमले किये जाने पर दोनों सुरक्षाकर्मियों को गंभीर चोटे आई हैं जिनका केंद्रीय चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।इन दिनों कोयला कबाड़ केबल चोरों की जिले में अचानक बढ़ी सक्रियता में खदानों में निहत्थे ड्यूटी करने वाले सुरक्षा कर्मियों की जान पर बन आई है,ऐसे में कम्पनी सुरक्षाकर्मी रात्रि पाली में खदान क्षेत्रों में ड्यूटी जाने से कतराने लगे हैं।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कापू थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुर पोड़ी निवासी सारेखन मांझी आ. स्व. तेज राम मांझी (54 वर्ष) बुधवार को नशे की हालत में घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान सुबह 9 बजे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बांध के पानी से बुझती है आधे शहर की प्यास

# सात सालों बाद बांकी बांध लबालब



बारिश के दौरान सूनी सड़क।



लबालब बांकी जलाशय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लम्बे अर्से से भीषण जल संकट से जूझ रहा बांकी जलाशय लबालब हो गया है। इसके पूर्व 2018 में बरसात के अंतिम दौर में बांध में क्षमता के अनुसार पानी का भराव हुआ था लेकिन वेस्टवीयर से पानी निकलने की स्थिति नहीं बन सकी थी। इस बार बांध के लबालब होने के साथ ही लगातार बांध का पानी वेस्टवीयर के माध्यम से नाले में पहुंच रहा है।

**खास बात**

- क्षमता से कम पानी भरने पर होता है जलसंकट

बांकी जलाशय से लम्बे समय से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रह है। जिन गांवों में बांध के पानी से खेती होती थी अब उनमें घनी आबादी बस गई है तथा गांवों का तेजी से शहरीकरण हो रहा है। जहां खेती हो भी रही है तो लोगों ने स्वयं का सिंचाई का साधन तैयार कर लिया है बांध की पक्की सिंचाई नहर अब अनुपयोगी हो गई है। लम्बे समय से बांध के पानी का उपयोग शहरवासियों के पेयजल के लिए किया जा रहा है। पूर्व में बांकी जलाशय के पानी को तकिया फिल्टर प्लांट में स्वच्छ कर पूरे शहर में ननि द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जा रही थी लेकिन दो वर्ष पूर्व गर्मी के मौसम में बांध का पानी तली में पहुंच गया था जिसके कारण शहर के अनेक क्षेत्रों में जल संकट की स्थिति निर्मित हो गई थी। हालांकि अमृत मिशन की जल आवर्धन योजना तैयार होने के बाद शहर के आधे हिस्से में ही बांध के पानी की आपूर्ति की जा रही है इसके बावजूद बांध में क्षमता के अनुसार जल भराव नहीं होने के कारण हमेंशा संशय की स्थिति बनी रहती थी। पिछले साल बांध में 70 फीसदी पानी का भराव हुआ था जबकि इस बार अगस्त महीने के उत्तरार्द्ध में ही बांध लबालब हो गया है। बांध में क्षमता के अनुसार पानी नहीं भरने के पीछे बांकी नदी को पाटकर अवैध अतिक्रमण को बड़ा कारण माना जा रहा है। अवैध अतिक्रमण के कारण बांकी नदी का पानी बांध तक पहुंचना बंद हो गया है। इस बार लगातार हो रही बारिश के कारण आसपास के पहाड़ों के पानी से ही बांध लबालब हो गया है। इस बार जुलाई के अंत तक बांकी जलाशय में 78 फीसदी जल भराव हुआ था तथा अगस्त के अंतिम सप्ताह में बांध लबालब हो गया। इसके विपरीत सरगुजा का सबसे बड़ा श्याम घुनघुट्टा बांध जुलाई के शुरूआत में ही लबालब हो गया था तथा 4 जुलाई को बांध के 4 गेट खोलने पड़े थे।

#### अम्बिकापुर में अब तक 1187 मिमी वर्षा

अगस्त के प्रथम सप्ताह के बाद मानसून द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति से खिसक कर हिमालय की तराई में पहुंच गई थी जिसके कारण मानसून की वर्षा बंद हो गई थी। खाड़ी में लो-प्रेशर सक्रिय होने के बाद मानसून द्रोणिका की स्थिति में बदलाव हुआ लेकिन द्रोणिका खिसक कर दक्षिण की तरफ विदर्भ की ओर चली गई। पुनः खाड़ी में लो-प्रेशर सक्रिय होने के बाद द्रोणिका अपनी सामान्य स्थिति में लौटी है तथा गंगानगर डिहरी होते हुए खाड़ी तक विस्तारित है। झारखण्ड के ऊपर सक्रिय चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पिछले दो दिनों से लगातार वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानी रविवार को भी मानसून के सक्रिय रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले 36 घंटे में 57.1 मिमी वर्षा वहीं अम्बिकापुर में अब तक 1187.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। शहर में दर्ज की गई अब तक की वर्षा औसत बारिश का 97.3 फीसदी है। शहर में पूरे वर्षा काल में औसत 1220 मिमी वर्षा होती है। मौसम विज्ञानी प्रारंभ से ही इस बार सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि खाड़ी में उड़ीसा के पास 25 अगस्त को लो-प्रेशर सक्रिय होने की संभावना है। लो-प्रेशर के प्रभाव से 26 अगस्त से अच्छी वर्षा होने की संभावना है।

#### घुनघुट्टा के खोले गए तीन गेट

पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण पानी को नियंत्रित करने घुनघुट्टा बांध के तीन गेट खोले गए हैं। घुनघुट्टा बांध में 84 फीसदी पानी का तल बनाए रखने के उद्देश्य से नदी से लगातार पहुंच रहे पानी को छोड़ा जा रहा है। विभाग द्वारा तीसरे गेट 20 सेमी एवं चौथे गेट को 50 सेमी खोला गया है जबकि शाम में एक अन्य गेट को भी खोला गया। विभाग द्वारा लगभग 12 क्यूसेक बांध का पानी गेट के माध्यम से नदी में छोड़ा जा रहा है।

#### आधे शहर में छाया अंधेरा

बारिश के दौरान शनिवार को देर शाम शासकीय पॉलीटेक्निक परिसर स्थित विद्युत लाइन पर पेड़ की डाल गिरने के कारण डेढ़ घंटे तक आधे शहर में अंधेरा छाया रहा। इस दौरान लगातार बारिश होने के कारण अंधेरे में विद्युत लाइन पर गिरी डाल को हटाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। डाल हटाने के बाद रात्रि 7.15 बजे आपूर्ति सुचारू हुई। इस दौरान मिशन चौक, चोपड़ा पारा, केदारपुर, भट्टी रोड, त्रिकोण चौक, जोड़ा पीपल क्षेत्र में डेढ़ घंटे तक अंधेरा छाया रहा।

#### खोले गए हैं गेट

घुनघुट्टा बांध का पानी नियंत्रित करने के लिए तीन गेट खोले गए हैं। वर्ष 2018 के बाद बांकी बांध में क्षमता के अनुकूल जलभराव हुआ है तथा वेस्टवीयर से लगातार बांध का पानी नाले में बह रहा है।

-अशोक निरंजन
ईई, जल संसाधन विभाग



### नगरवासियों ने बाईपास सड़क की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

एनएच 343 के प्रस्तावित निर्माण के बीच नगर पंचायत वासियों ने नगर में बाईपास सड़क निर्माण की मांग की है। बाईपास सड़क की माग को लेकर नगरवासियों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम कार्यालय पहुंचे नगरवासियों ने बताया कि नगर पंचायत राजपुर में एनएच 343 की सड़क नगर के बीच से होकर गुजरती है। इस सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण नगर में वाहनों का दबाव बना रहता है। बस, ट्रक व अन्य भारी वाहनों के आवागमन से नगर के बीच की सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे हो गये है जिससे लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही भारी वाहनों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है जिसमें अब तक अनेकों लोगों की मौत हो चुकी है। नगर के बीच में ही बैंक, अस्पताल, विद्यालय, नपं कार्यालय, थाना, वन विभाग, मंदिर सहित अन्य संस्थान संचालित है। इसके साथ ही इसी मार्ग पर व्यावसायिक प्रतिष्ठान, ठेले गुमटी संचालित है जिनसे लोगों की दिनचर्या संचालित होती है। भारी वाहनों से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं सडक निर्माण के दौरान नगर के बीच में बने व्यसायिक प्रतिष्ठान एवं मकान को तोडने से शासन के करोड़ो रुपए खर्च करने होंगे। इस मार्ग के विकल्प में राजपुर, मण्डी प्रागण से नवकी सीमा तक शासन मद से रोड़ का नक्शा जिसमें बाई पास आसानी से कम खर्च में एवं अधिक चौड़ा करने पर सिर्फ खाली भूमि का ही क्षतिपूर्ति देना होगा जिससे शासन के क्षतिपूर्ति व्यय भी कम होगा। उन्होंने एनएन 343 को राजपुर नगर के बीच को छोड़कर मंडी प्रागंण से नवकी सीमा होते हुए मार्ग में बाईपास रोड़ स्वीकृत कराने की मांग की है। इस संबंध में नपं अध्यक्ष धरम सिंह ने बताया कि

राजपुर नगर बहुत ही छोटे से जगह पर बसा हुआ है। वर्तमान में एन एच 343 सड़क अपने मापदंड के आधार पर सड़क निर्माण लेता है तो हमारे यहां जितने व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं। स्कूल, छात्रावास, नगर पंचायत कार्यालय, हॉस्पिटल, कोर्ट, जनपद पंचायत, वन विभाग, तहसील कार्यालय है इसी में सड़क बनाने से सारे केंद्र समाप्त हो जाएंगे। राजपुर शहर वीरान सा हो जाएगा। इसलिए हम सभी नगरवासी बाईपास सड़क का मांग केन्द्रीय मंत्री से की गई है।

### पुलिस ने नशेड़ी चालकों पर की सख्त कार्रवाई

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। 1 से 22 अगस्त के बीच विभिन्न थाना-चौकी व यातायात की टीमों ने जगह-जगह चेकिंग प्वाईंट लगाकर करीब 20 हजार से अधिक वाहन चालकों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की। जांच में नशे का सेवन करके वाहन चलाने वाले 200 चालकों को पकड़ा गया और उनका मुलाहिजा कराकर न्यायालय में 190 इस्तगाशा पेश किया जहां से 190 लोगों के विरूद्ध 19 लाख रूपये का चालान हुआ है, शेष का इस्तगाशा जल्द पेश किया जाएगा। पुलिस इन चालकों के ड्राईविंग लायसेंस निलंबन के लिए प्रतिवेदन आरटीओ को भेजा है। इसके अलावा इस अवधि में यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले 3 हजार 9 चालकों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट की कार्रवाई कर 10 लाख 71 हजार 200 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस लगातार सुगम सफर अभियान के तहत यातायात के नियमों के पालन के लिए जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है। पुलिस का मकसद सड़कों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सड़क हादसों को रोकना है। यातायात नियमों का उल्लघंन और शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



### ग्राम हरिहरपुर बांधपार में हाथियों ने फसलों को पहुंचाया नुकसान

**प्रतापपुर।** वन परिक्षेत्र अंतर्गत सर्किल प्रतापपुर के ग्राम हरिहरपुर बांधपारा में 30 हाथियों का दल बीती रात दर्जनों किसानों के फसलों को रौंद नुकसान पहुंचाया। हाथियों का दल गांव के समीप पहुंच गया था। हालांकि बंशीपुर स्टाफ और हाथी मित्र दल द्वारा प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों को सतर्क किया। एक साथ बड़ी संख्या में हाथियों के गांव के समीप पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। बताया जा रहा है हाथी भूखे हैं और फसलों को उखाड़ दे रहे हैं और महुआ, धान, गन्ना खोज रहे हैं। जिसके कारण हाथियों का दल गांव तक पहुंच जाते है। ऐसा लगता है कि भूख से हाथी परेशान है और अपना मनपसंद भोजन की तलाश रहे हैं। वन विभाग की टीम हाथियों को जंगल ओर खदड़ने में लगे हुए है। उसके बाद भी हाथी गांव की ओर रुख करते है जिससे ग्रामीण भयभीत है।

### 24 घंटे बाद बरामद किया गया युवक का शव

**सीतापुर।** नहाने के दौरान बांध में डूबे 32 वर्षीय युवक का शव बरामद कर लिया है। घटना के बाद चलाए सर्च अभियान के दौरान 24 घंटे बाद एसडीआरएफ ने शव को बरामद किया है। पुलिस द्वारा मृतक के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

- बांध में डूबने से हुई मौत, एसडीआरएफ ने चलाया अभियान

बता दें कि ग्राम बंगरकालो जामढोढ़ी निवासी 32 वर्षीय सुलेश मरावी आ अंतराम मरावी गुरुवार दोपहर एक बजे अपनी मां, बहन बहनोई एवं बेटे के साथ कोटछाल बांध में नहाने गया हुआ था। नहाने के दौरान फिसलकर युवक बांध के गहरे पानी मे चले जाने की वजह से डूब गया था। घटना के बाद पुलिस व एसडीआरएफ की टीम द्वारा युवक के शव की तलाश की जा रही थी लेकिन दिनभर चलाए अभियान के बाद भी युवक का शव नहीं मिल पाया था। शुक्रवार को एसडीआरएफ की टीम ने फिर से सर्च अभियान चलाया। इस दौरान गोताखोरों की मदद से घंटों चले अभियान के बाद युवक का शव बरामद किया गया। पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द किया गया है।



### नशे के विरूद्ध जागरूकता के लिए पुलिस ने कराया फुटबाल मैच

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले के थाना-चौकी की पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान नवजीवन के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन करा रही है। इसी क्रम में खेल से युवाओं को जोड़ते हुए फुलबाल मैच का आयोजन शुक्रवार को चौकी तारा पुलिस द्वारा ग्राम शिवनगर स्कूल ग्राउण्ड में कराया। नशे से बचाव के लिए नवजीवन अभियान के तहत चौकी तारा पुलिस द्वारा आयोजित फुटबाल प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत शिवनगर एवं दिव्यदीप मिशन स्कूल के छात्रों के बीच फाईनल मुकाबला खेला गया। शिवनगर की टीम विजेता रही।



एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट विशी व चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया साथ सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदाय कर सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर एसडीओपी ने कहा कि पुलिस नशे से बचाव के लिए युवाओं और नागरिकों को खेल गतिविधियों से जोड़ने पर ज़ोर दे रही है। खेल युवाओं को अपनी ऊर्जा सही दिशा में केंद्रित करने में मदद करती है और नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश देती है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल नशे को रोकना है बल्कि समाज में नई चेतना जागृत करना भी है। पुलिस के नवजीवन अभियान के बैनर तले आयोजित फुटबॉल मैच में भाग लेने वाले युवा व ग्रामीणों में आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। इस दौरान ग्राम शिवनगर के सरपंच सज्जन सिंह, तारा सरपंच चंद्रभान सिंह, कांटारोली सरपंच हरिप्रसाद, अदानी के एचआर हेड राम द्विवेदी, उपसरपंच और ग्रामीण व बच्चे मौजूद रहे।

### दो हजार रुपए के लिए महिला पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** दो हजार रुपए के लिए पड़ोसी महिला पर टांगी से वार कर हत्या का प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मणिपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मठपारा निवासी रेशम बाई 19 अगस्त को अपने घर में थी। इस दौरान पड़ोसी युवक इश्वर चौबे महिला के पास आया और जबरन 2 हजार रुपए मांगने लगा। जब महिला ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे टांगी से महिला पर हमला कर दिया। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच की। इस दौरान पुलिस ने पुलिस ने दरिमा नवानगर व हाल मुकाम मठपारा निवासी 36 वर्षीय ईश्वर चौबे आ. स्व. संग्राम चौबे को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर दिया। आरोपी पुलिस को बताया कि महिला ने अपने उपचार के लिए 2 हजार रुपए रखा था जिसे आरोपी मांग रहा था और जब महिला ने रुपए देने से मना किया तो आरोपी ने टांगी से वार कर महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया और 11 हजार रुपए लूटकर फरार हो गया। आरोपी ने लूट की रकम को खर्च कर दिया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त बाइक व टांगी बरामद करने के साथ ही उसे बीएनएस की धारा 109 (1), 309(6) के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर बच्चों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता



**सीतापुर।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल सभाकक्ष में विकासखंड स्तरीय वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे विकासखंड के हायर सेकंडरी स्कूल से 60 छात्र छात्राओं ने भाग लिया और अपना पक्ष रखा।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित बीइओ इंदु तिर्की एबीईओ अनिल मिश्रा समेत बीपीओ साक्षर भारत प्रेम गुप्ता प्राचार्य सेजेस देवगढ़ सुनील गुप्ता प्राचार्य सेजेस भुषु संतोष गुप्ता ने बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क में बाइक से सफर के दौरान हमेशा हेलमेट पहनकर बाइक चलाना चाहिए। इससे अगर कभी सड़क दुर्घटना होती है तो वो जानलेवा साबित नही होगी। अक्सर देखा गया है कि बाइक चलाते समय होने वाली दुर्घटना में सिर पर चोट लगने की वजह से ज्यादातर मौते होती है। इसके अलावा सड़क पर चलते वक्त यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य होता है। जिसकी वजह से हम सड़क दुर्घटना से काफी हद तक बच सकते है। विकासखंड स्तरीय इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने पर शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल के प्रतिभागियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 25 सौ रुपये नगद प्रदान किया गया। दूसरा स्थान हासिल करने वाले सेजेस देवगढ़ को 2 हजार एवं तीसरा स्थान हासिल करने पर हायर सेकंडरी स्कूल प्रतापगढ़ के छात्र छात्राओं को 15 सौ रुपये प्रदान किये गए। इसके अलावा अन्य सभी हायर सेकंडरी स्कूल के प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1-1 हजार रुपये प्रदान किये गए।कार्यक्रम का संचालन सीएसी सुशील मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक समेत काफी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित, विभिन्न विधाओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद क्लस्टर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता क्लस्टर थ्री का समापन आज शनिवार को किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दौड़,तवा फेंक, गोला फेंक, लंबीकूद, ऊंचीकूद, स्केटिंग, जूडो, ताइक्वाँडो आदि विविध स्पर्धाओं में भाग लिए।समापन समारोह में अतिथि के रूप में एसके पांडेय प्राचार्य, डीएवी पब्लिक स्कूल चिरमिरी समेत केंद्रीय चिकित्सालय के डॉ निरंजन कुमार, वेलफेयर मेंबर अरविन्द सिंह थे।अतिथियों को विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक द्वारा सैंपलिंग भेंट कर एवं कैप व बैज पहनाकर स्वागत किया गया,समापन समारोह का शुभारंभ डीएवी गान से किया गया,अतिथियों द्वारा खेल प्रतियोगिता के समापन करने की औपचारिक घोषणा के पश्चात क्रीड़ा ध्वज का अवरोहण किया गया,समापन समारोह के दौरान अतिथि एसके पांडेय ने कहा कि खेल हमें बहुत कुछ सीखाता है,इससे हम अनुशासन के साथ-साथ जीवन में संघर्ष करना और कभी हार न मानने का कौशल सीखते हैं। प्रतिभागियों को मन में निराशा न लाकर दुगुने उत्साह के साथ अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हो जाना चाहिए। उन्होंने संभाग स्तर पर खेल प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु आयोजक विद्यालय बिश्रामपुर के प्राचार्य एवं सभी स्टाफ को बधाई दी।स्पर्धा के वेन्यू इंचार्ज व डीएवी स्कूल बिश्रामपुर के प्राचार्य एचके पाठक ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। असफलता, सफलता की पहली सीढ़ी होती है, इस मीट के विजेता जोनल स्पोर्ट्स मीट में भाग लेंगे और नेशनल स्पोर्ट्स मीट में सम्मिलित होंगे।आयोजन को सफल बनाने में खेल शिक्षक प्रदीप वैद्य, खेल शिक्षिका चित्रावती मिश्रा व अन्य स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा, मंच संचालन शोभा नामदेव व अपर्णा मिश्रा के द्वारा किया गया, समूह शाँति पाठ के साथ आयोजन का समापन कराया गया।




अतिथियों के साथ खिलाड़ी व शिक्षक।



#### ये प्रतिभागी बने विजेता

प्रतियोगिता के दूसरे दिन संपन्न स्पर्धाओं में 14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 1500 मीटर दौड़ में आरुष सिंह बिश्रामपुर प्रथम,17 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 1500 मीटर दौड़ में सूर्यदीप भटगांव प्रथम,19 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 1500 मीटर दौड़ में सिद्धार्थ कुमार जायसवाल भटगांव प्रथम,14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में अक्षत साहू, पांडवपारा प्रथम, 17 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में अनुष सिंह पांडवपारा प्रथम,19 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में सार्थक दास बिश्रामपुर प्रथम,14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 4x400 मीटर रिले रेस में बिश्रामपुर प्रथम,17 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 4x400 मीटर रिले रेस में बिश्रामपुर प्रथम,19 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग 4x400 मीटर रिले रेस में डीएवी बिश्रामपुर ने प्रथम स्थान हासिल किया।14 वर्ष आयु अंतर्गत बालक वर्ग भाला फेंक में गुरमीत सिंह बिश्रामपुर प्रथम ने स्थान हासिल किया है।




# ‘एक दीवाने की दीवानीयत’ का पहला लुक हुआ जारी

**मुंबई।** हर कोई जिस पोस्टर का इंतजार कर रहा था, वह आखिरकार रिलीज हो गया। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की फिल्म ‘एक दीवाने की दीवानीयत’ का पहला पोस्टर लॉन्च हो चुका है और फिल्म इस दिवाली, 21 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। हर्षवर्धन राणे का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। इस साल की शुरुआत में सनम तेरी कसम की शानदार सफलता के बाद अब फैंस उनकी अगली बड़ी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दिवाली जैसी बड़ी रिलीज डेट मिलना दर्शाता है कि इस म्यूजिकल ड्रामा को लेकर उत्सुकता कितनी ज्यादा है।

## लाइफ Style

# वाणी

## अपने दम पर बनाई पहचान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर का शनिवार को 37वां जन्मदिन मनाया। महज आठ फिल्मों के सफर में उन्होंने कभी ग्लैमरस अंदाज से, तो कभी संजीदा किरदारों से दर्शकों का दिल जीता। ‘शुद्ध देसी रोमांस’ से शुरू हुआ उनका फिल्मी सफर ‘वॉर’ और ‘चंडीगढ़ करे आशिकी’ जैसी फिल्मों तक पहुंचा।

खास बात यह है कि इंडस्ट्री से कोई बैकग्राउंड न होने के बावजूद वाणी ने अपने दम पर पहचान बनाई और आज करोड़ों की संपत्ति की मालकिन हैं। वाणी का जन्म दिल्ली में एक बिजनेस परिवार में हुआ। वाणी ने अपनी शुरुआती पढ़ाई दिल्ली के माता जयकौर पब्लिक स्कूल से की। इसके बाद उन्होंने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी से पर्यटन में ग्रेजुएशन किया। पढ़ाई के दौरान ही वाणी ने होटल मैनेजमेंट की तरफ रुख किया और जयपुर के ओबेरॉय होटल में इंटर्नशिप की। इसके अलावा उन्होंने कुछ समय तक आईटीसी होटल में भी काम किया। होटल इंडस्ट्री में काम करते हुए उनकी मुलाकात एलिट मॉडल मैनेजमेंट एजेंसी से हुई। उनकी लंबी हाइट और आकर्षक पर्सनालिटी को देखकर एजेंसी ने उन्हें मॉडलिंग के लिए साइन कर लिया। यही वह मोड़ था जहां से वाणी की जिंदगी फिल्मों की तरफ मुड़ी।

मॉडलिंग के दौरान वाणी ने कई बड़े फैशन डिजाइनर्स के लिए रैंप वॉक किया और विज्ञापनों में भी काम किया। धीरे-धीरे उनका चेहरा पहचाना जाने लगा और यहीं से उन्हें यशराज फिल्म्स की कास्टिंग टीम की नजर में आने का मौका मिला।



## हॉलीवुड मसाला




# ब्रेकअप के बीच साथ दिखे काइली-टिमोथी

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की जानी-मानी स्टार काइली जेनर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। काइली जेनर की नई तस्वीरें और वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर छा जाती हैं। तस्वीरों और वीडियो के अलावा काइली जेनर अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल से पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट देती रहती हैं। इन सब के बीच अभी हाल ही में खबर सामने आई थी कि काइली जेनर और उनके बॉयफ्रेंड टिमोथी चालमेट के बीच सब ठीक नहीं चल रहा है। इन दोनों के ब्रेकअप की अफवाह ने फैंस को हैरान कर दिया था। लेकिन काइली जेनर और टिमोथी चालमेट की नई पोस्ट ने इस अफवाह को हवा में उड़ा दिया है।



# टूटे दिल को संभालने में लगी जेसिका...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस जेसिका अल्बा ने इस जनवरी में कैश वॉरेन से अपने 16 साल पुराने रिश्ते को विराम दिया था। दोनों ने तलाक ले लिया था। ऐसे में तलाक के बाद कैश से अलग रह रही जेसिका का कहना है कि वे अपने टूटे हुए दिल का ख्याल रख रही हैं और वो ब्रेकअप के बाद के हालात से अच्छे से उबर रही हैं। अल्बा ने कहा, कैश से अलग होने के बाद उन्होंने सीखा कि जिंदगी को चलने दो जैसा वह चल रही है। अलग होने के बाद की जिंदगी के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, मुझे लगता है कि हर कोई इस बात से सहमत होगा कि आप बहुत सारी योजनाएं बनाने की कोशिश करते हैं, खासकर एक मां के रूप में, आप हमेशा योजना बनाने और चीजों को नियंत्रित करने की कोशिश करते रहते हैं।



# सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

**मुंबई।** कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। बातचीत में कृतिका ने अपने नए शो, एक्टिंग सफर और आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि मुझे सबसे अच्छा यह लगा कि ऑडियंस ने शो की सोच और इरादे को समझा। यह कोई स्टीरियोटाइप या बनावटी कहानी नहीं थी, बल्कि भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को ईमानदारी और बैलेंस के साथ दिखाने की कोशिश थी। यह देखकर सुकून मिला कि लोग इस नजरिए को पहचान भी रहे हैं और सराह भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैयारा ने रोमांटिक फिल्मों की ताकत दिखा



# 30 को होगा बागी-4 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग मूवी बागी 4 फैंस के बीच चर्चा में बनी हुई है। इस मूवी के फर्स्ट लुक ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। फिल्म का सॉन्ग भी रिलीज हुआ है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। अब फिल्म के ट्रेलर को लेकर अपडेट हाथ लगी है। बागी 4 का ट्रेलर किस दिन रिलीज किया जाएगा इसका पता चल गया है। साथ ही मेकर्स का क्या प्लान है उसकी जानकारी भी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार बागी 4 का ट्रेलर 30 अगस्त को एक भव्य कार्यक्रम में लॉन्च किया जाएगा, यानी फिल्म के बड़े पर्दे पर आने से ठीक एक हफ्ते पहले। इससे जुड़े एक सूत्र ने बताया कि बागी 4 का ट्रेलर कट तैयार है और टीम इसे 30 अगस्त, को भव्य तरीके से लॉन्च करने की सोच रही है। यह ट्रेलर आधिकारिक तौर पर 5 सितंबर को फिल्म की रिलीज की उल्टी गिनती शुरू कर देगा।

## टीवी मसाला

# रूपाली ने माना सर्वोच्च न्यायालय के आदेश आभार

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने 11 अगस्त को सुनाए फैसले का संशोधन किया, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के सभी कुत्तों को शेल्टर होम का आदेश दिया गया था। लेकिन अब कोर्ट ने इस फैसले में बदलाव करते हुए डॉग लवर्स को खुश कर दिया। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सिर्फ रेबीज और आक्रामक कुत्तों को ही शेल्टर होम में रखा जाएगा। इसी के साथ आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण होगा इसके बाद ही उन्हे वापिस उसी जगह पर छोड़ दिया जाए। ऐसे में टीवी एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने इस फैसले की तारीफ की है। रूपाली गांगुली लिखती हैं ‘करुणा की बड़ी जीत! सर्वोच्च न्यायालय के आदेश में संशोधन करने और दिल्ली में आवारा कुत्तों की नसबंदी और उन्हें छोड़ने की अनुमति देने के लिए आभारी हूं। यह कदम न केवल लोगों को रेबीज और अधिक जनसंख्या के खतरों से बचाता है, बल्कि हमारे मूक साथियों को सम्मान के साथ जीने का अवसर भी देता है।’ रूपाली समेत बॉलीवुड और टीवी के कई स्टार्स ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की वाहवाही की। एक्ट्रेस रूपाली गांगुली एक डॉग लवर है उन्होंने सीरियल ‘अनुपमा’ के सेट पर कई आवारा कुत्तों को जगह भी दी और उनका पालन पोषण कर रही हैं।



# 18 साल बाद साथ आएंगे नजर अक्षय-सैफ

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘जॉली एलएलबी 3’ को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन इस बीच अब अक्षय ने अपनी नई फिल्म ‘हैवान ’की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में अक्षय अभिनेता सैफ अली खान के साथ नजर आएंगे। अब अक्षय ने शूटिंग के पहले दिन का एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। अक्षय ने अपने इंस्टाग्राम पर ‘हैवान’ की शूटिंग के पहले दिन का वीडियो शेयर करते हुए ये जानकारी दी है कि उन्होंने प्रियदर्शन की इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। वीडियो में अक्षय के साथ निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेता सैफ अली खान भी नजर आ रहे हैं। तीनों किसी बात पर चर्चा करते और हंसी मजाक करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए अक्षय ने कैप्शन में लिखा है, ‘हम सब ही हैं थोड़े से शैतान। कोई ऊपर से संत, कोई अंदर से हैवान। अपने सबसे पसंदीदा निर्देशक प्रियदर्शन के ‘हैवान’ की शूटिंग आज से शुरू की। लगभग 18 साल बाद सैफ के साथ काम करने पर काफी उत्साहित और खुश हूं। चलो हैवानियत को शुरू करते हैं।’ अक्षय का ये वीडियो सामने आते ही अब चर्चा का विषय बना हुआ है। घोषणा के बाद से ही ‘हैवान’ चर्चा में बनी हुई है। इसका सबसे बड़ा कारण है अक्षय और सैफ अली खान का इतने लंबे वक्त के बाद एकसाथ आना। अक्षय और सैफ ने साथ में कई फिल्में की हैं। इनमें ‘मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी’, ‘ये दिल्लगी’, ‘तू चोर मैं सिपाही’, ‘कीमत’ और ‘टशन’ जैसी फिल्में शामिल हैं। दोनों आखिरी बार साल 2008 में आई फिल्म ‘टशन’ में नजर आए थे। अब दोनों एक बार फिर एकसाथ नजर आएंगे।



# हरनाज ने किया वेट लूज

## ट्रांसफॉर्मेशन ने हर किसी को चौंकाया

**मुंबई।** बागी 4 का गाना बहली सोहनी रिलीज हो चुका है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ और हरनाज संधू की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। वहीं गाने में हरनाज संधू का लुक आपको हैरान कर देगा क्योंकि एक्ट्रेस ने बहुत ही ज्यादा वेट लूज किया है। हरनाज को काफी समय से अपने वजन के लिए बढ़ने के लिए ट्रोल किया गया था। उस समय तो बॉडी शेमिंग पर हरनाज ने कुछ नहीं कहा लेकिन अब अपने ट्रांसफॉर्मेशन से एक्ट्रेस ने हर किसी को चौंका दिया। बागी 4 के निर्माताओं ने हरनाज संधू और टाइगर श्रॉफ पर फिल्माया गया गाना ‘बहली सोहनी’ रिलीज किया। गाने में हरनाज के ग्लैमरस नए अवतार ने सबका ध्यान खींचा। प्रशंसकों ने उन्हें नए जमाने की ‘देसी गर्ल’कहना शुरू कर दिया। गाने में हरनाज संधू कई स्टाइलिश साड़ी लुक्स में अपनी टोन्ड बॉडी दिखाती नजर आ रही हैं। उनके खूबसूरत मूव्स और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने वाकई फैंस को हैरान कर दिया है। लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक इंस्टाग्राम यूज़र ने गाने से उनके लुक का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, देसी गर्ल FR! मिस यूनिवर्स 2021, हरनाज़, क्वीन ने सभी को हैरान कर दिया। मुझे उनका ये अवतार देखकर प्रियंका और दीपिका की बहुत याद आई! उनके ट्रांसफ़ॉर्मेशन की तारीफ़ करते हुए एक फैन ने पूछा, वाह, ये कब हुआ? एक और ने लिखा,उनकी बॉडी इस लुक में बहुत जम रही है। एक अन्य ने कमेंट किया, “उनमें प्रियंका चोपड़ा की झलक दिख रही है।



## 1960 के दशक किया कॅरियर शुरू, बॉलीवुड में खास बनाई जगह

# इश्क ऐसा कि कायनात भी झुक गई, सायरा-दिलीप की मोहब्बत की दास्तां

*मुंबई। फिल्म ‘पड़ोसन (1968)’ के गीत ‘मेरे सामने वाली खिड़की में एक चांद का टुकड़ा रहता है’, को दर्शक आज भी सुनते हैं तो सायरा बानो की खूबसूरती, अभिनय के कायल हो जाते हैं। 60 के दशक में करियर शुरू करने वाली सायरा ने कुछ ही समय में बॉलीवुड में अलग और खास जगह अपने लिए बना ली थी। वह दर्शकों की चहेती स्टार बन गईं। दिलीप कुमार से सायरा बानो की बेपनाह मोहब्बत की कहानी भी सिने प्रेमियों की यादों में बसी है। सायरा बानो अपना जन्मदिन 23 अगस्त को मना रही हैं। इस मौके पर दिलीप कुमार और उनकी प्रेमी कहानी पर एक नजर।*

### वो जन्मदिन जब इश्क की कहानी शुरू हुई

सायरा बानो ने अपने एक इंटरव्यू में ही बताया था कि कैसे दिलीप साहब को उनसे प्यार हुआ? वह बताती हैं, ‘23 अगस्त 1966 को मेरा जन्मदिन था। घर पर मां ने पार्टी रखी। इंडस्ट्री के कई लोग आए। अचानक दिलीप साहब आए। मां ने उन्हें इंवाइट किया था। वह मेरी जिंदगी का सबसे बेहतरीन तोहफा था। मैंने बाल बनाए हुए थे, साड़ी पहनी थी। दिलीप साबह ने मुझे देखा और हाथ मिलाया और बोले कि तुम एक लवली वुमन बन चुकी हो। उस रात पहली बार उन्होंने मुझे नोटिस किया। दूसरे दिन उनका फोन आया, डिनर की तारीफ की। इसके बाद ही हमारे मिलने का सिलसिला शुरू हुआ।’ इस तरह दिलीप कुमार और सायरा को एक-दूसरे से मोहब्बत हुई, आगे चलकर इनका निकाह हुआ। दिलीप कुमार को प्यार से सायरा बानो साहब कहकर बुलाती थीं। दिलीप कुमार का निधन साल 2021 में हुआ, उस समय सायरा बानो काफी टूट गईं।



### कम उम्र में बॉलीवुड में रखा कदम

मसूरी में जन्मी सायरा बानो एक फिल्मी परिवार से आती हैं, उनकी मां नसीम बानो अपने समय की मशहूर अदाकारा थीं। जब सायरा 16 साल की हुईं तो फिल्मी दुनिया के लिए तैयार होने लगीं। कथक, भारतनाट्यम क्लासिकल डांस सीखा। फिर साल 1961 में फिल्म ‘जंगली’ से अपना करियर शुरू किया, फिल्म में सायरा बानो के हीरो शम्मी कपूर थे, यह फिल्म सुपरहिट रही। सायरा रातों-रात स्टार बन गईं। सायरा ने कई नामी अभिनेताओं संग अभिनय किया। अपने शौहर दिलीप कुमार के साथ भी सायरा बानो ने ‘गोपी’, ‘सगीना’ और ‘बेरंग’ जैसी फिल्मों में काम किया था।

### 12 साल की उम्र में कहा- दिलीप कुमार से करेंगी निकाह

*जब सायरा बानो 22 साल की थीं तो उन्होंने दिलीप कुमार से निकाह कर लिया, उस समय दिलीप साहब की उम्र 44 साल थी। 11 अक्टूबर 1966 को दिलीप कुमार और सायरा बानो का निकाह हुआ। दिलीप कुमार से निकाह करने वाली बात सायरा ने अपनी मां को 12 साल की उम्र में भी कही थीं। सायरा बानो इस किस्से को कई इंटरव्यू में बता चुकी हैं। जब सायरा बानो 12 साल की थीं तो एक दिन घर में बैठकर दिलीप साहब की फिल्म देख रही थीं। सायरा ने फिल्म देखकर अपनी मां से कहा कि वह दिलीप कुमार से निकाह करेंगी, यह बात सुनकर मां खूब हंसी। मगर आगे चलकर यही बात सच साबित हुई।*

## खबर संक्षेप

### लापरवाही से टॉपटेन में आने से वंचित हुई पूजा

**पुसौर।** प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा किए जा रहे परिक्षा



कापी की जांच प्रणाली में त्रुटि पाए जाने से जहां प्रभावित व संबंधित छात्र हतोत्साहित होते हैं वहीं परीक्षा विभाग पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। इस तरह की वाकिया पुसौर के आदर्श ग्राम्यभारती स्कूल की छात्रा पूजा महाणा के साथ हुआ है। जानकारी के अनुसार पूजा महाणा कक्षा 10वी में परीक्षा वर्ष 2024-25 में परीक्षा दी थी, जिसके जारी किए गए परिणाम अन्तर्गत संस्कृत विषय में 69 अंक प्राप्त हुए थे, जिसके पुनर्मुल्यांकन बाद 4 अंक और प्राप्त हुए। इस प्रकार अब संस्कृत में इसके 73 अंक हुए हैं और 600 पुर्णाक में 588 अंक अर्जित किए। यह अंक यदि पहले जारी हुआ होता तो उक्त छात्रा पूजा टॉपटेन में आती और इसे संबंधित लाभ के अवसर प्राप्त होते जो परीक्षा विभाग की लापरवाही की वजह से यह अवसर खोना पडा। परीक्षा विभाग की एक और विडंबना है कि पुनर्मुल्यांकन में 10 अंक बढ़ने के बाद ही उसे टॉप टेन में शामिल किया जाएगा वरना नहीं। सूत्रों के मानें तो तात्कालीन समय में कक्षा 10वी के जारी किए गए परीक्षा परिणाम अंतर्गत जो परीक्षार्थी 600 पुर्णांक में 586 अंक लाए थे वे टापटेन में शामिल हुए। इसी कड़ी में पूजा महाणा के संस्कृत विषय के परीक्षा कापी का सही-सही मूल्यांकन उस समय किया गया होता तो वह टाप टेन आई होती और उसे लाभ के कई अवसर प्राप्त हुए होते जो नहीं मिल पाया। परीक्षा विभाग की उक्त लापरवाही पर छात्रा के परिजन, क्षेत्र के जनप्रति व स्कूल परिवार खेद व्यक्त करते हुए यह मांग कर रहें है कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो।

### वेदव्यास ट्रस्ट बोर्ड की पुरानी टीम पर उठे सवाल

**राउरकेला।** धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक महत्व से जुड़े सुंदरगढ़ जिले के वेदव्यास धाम को महर्षि वेदव्यास की जन्मस्थली माना जाता है। त्रिवेणी संगम, सत्यवती मिलन स्थल और कई पौराणिक धरोहरों के कारण यह स्थान न केवल जिले बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी आस्था और पर्यटन का प्रमुख केंद्र रहा है। मगर, इसके रखरखाव और विकास के लिए गठित वेदव्यास ट्रस्ट बोर्ड इन दिनों सवालों के घेरे में है। परंपरागत रूप से इस बोर्ड का गठन समय.समय पर सरकार द्वारा किया जाता रहा है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि बीजू जनता दल सरकार में गठित कमेटी आज भी सक्रिय हैए जबकि राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार को एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। इस कारण स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में आंतरिक असंतोष देखा जा रहा है। इसी बीच मंदिर के विकास के नाम पर कई प्राचीन धरोहरों को तोड़े जाने और 25 करोड़ रुपये की विकास राशि के खर्च से पहले पुरानी कमेटी को हटाए न जाने की चर्चा ने विवाद को और हवा दे दी है। ट्रस्ट बोर्ड के कुछ सदस्यों द्वारा दिए गए बयानों से यह स्पष्ट होता है कि वे राशि के खर्च होने तक पद पर बने रहना चाहते हैं। वहीं इस पूरे मामले पर सरकारी अधिकारियों की चुप्पी को स्थानीय लोग प्रशासन की मौन स्वीकृति मान रहे हैं। खासकर, चूंकि जिलापाल ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष और अतिरिक्त जिलापाल इसके उपाध्यक्ष एंव पुलिस अधीक्षक उपजिलापाल, तहसीलदार जैसे प्रमुख सदस्य हैं, ऐसे में इस चुप्पी ने सवालों को और गहरा कर दिया है।

### सुंदरगढ़ के तहसीलों में बेधड़क रजिस्ट्री जारी

**राउरकेला।** रियल स्टेट रेगुलेटरी ऑथरिटी ओड़िशा की सख्तियों व उनके द्वारा विभिन्न दिशा निर्देश के बावजूद सुंदरगढ़ जिले के विभिन्न सबरजिस्ट्रार कार्यालय के द्वारा व्यावसायिक प्लाटिंग का बेधड़क पंजीयन धड़ल्ले से जारी है। जमीन पंजीकरण के मामले में सुंदरगढ़ जिला नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। बीते दिनों बीरमित्रपुर सब रजिस्ट्रार कार्यालय में कार्यरत एक क्लर्क के उपर कानूनी कार्रवाई हुई और कुछ दिनों तक फरार रहने के पश्चात न्यायालय के द्वारा जारी आदेश के तहत वह फिर अपने पहुंच का इस्तेमाल करते हुए पानपोष सब रजिस्ट्रार कार्यालय में कार्यरत है, जोकि क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## घरघोड़ा पुलिस ने आरोपियों से 1900 मीटर से अधिक वायर किए जब्त

# रेलवे लाइन से कॉपर वायर चोरी करने वाले गिरोह के 5 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा पुलिस ने नवनिर्मित रेलवे लाइन से कॉपर वायर और अन्य उपकरण चोरी करने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों से लगभग 1900 मीटर से अधिक तांबे के तार, कैटनरी व कांटेक्ट तार, क्लिप, पिन सहित ओएचई फिटिंग्स बरामद की है, जिसकी कुल कीमत 88 हजार रुपए बताई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त बाइक, लोहे की आरीपत्ती और टांगी भी जप्त किया है। इस कार्रवाई से थाना घरघोड़ा में दर्ज तीन अलग-अलग चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है।

दरअसल शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम नुनदरहा के कुछ युवक चोरी का कॉपर वायर छिपाकर रखे हैं और ग्राहक की तलाश में हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दुष्यंत यादव, गजानंद चौहान, सचित चौहान, लवकेशचंद्र चौहान और पुरन चौहान को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने तीन वारदातों का खुलासा किया। उन्होंने कबूल किया कि 30 जून की रात दुष्यंत, गजानंद और सचित ने घरघोड़ा-भालुमुड़ा के बीच रेलवे लाइन से तांबा कैटनरी तार कीमती 15 हजार रुपये, 23 जुलाई को दुष्यंत, लवकेश और पुरन ने ग्राम कंचनपुर क्षेत्र से कैटनरी और कांटेक्ट तार, क्लिप, पिन, स्विवेल क्लिप, जम्पर व स्प्राइस कीमती 41 हजार रुपए व 30 जुलाई की रात पुनः दुष्यंत, लवकेश और पुरन ने घरघोड़ा-भालुमुड़ा के बीच से तांबा तार कीमती लगभग 32 हजार रुपए की चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर तीनों अपराधों में प्रयुक्त औजार और चोरी किया गया सामान जब्त किया है। सभी आरोपी घरघोड़ा के ग्राम नुनदरहा के रहने वाले हैं, जिन्हें रिमांड पर भेजा गया है।



## सारंगढ़ में चोर गिरोह सक्रिय एक ही रात में दो दुकानों से चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

नवगठित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ मे चोरों की सक्रियता, पुलिस के लिए उन्हें पकड़ना चुनौती बन चुकी है। चोरों ने एक ही रात में शहर के अंदर दो दुकानों में धावा बोलकर अनुमानित डेढ़ लाख रुपए नगदी तथा समान की चोरी किए हैं। उक्त चोरी में चोरो ने शटर में लगे ताले को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिए है। दोनों वारदात की चोरी की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं।

प्रार्थी सचिन कुमार केशरवानी पिता स्व. खगेशचंद केशरवानी उम्र 45 वर्ष प्रतापगंज सारंगढ़ थाना सारंगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छग का निवासी है। सचिन ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका दुकान बस स्टैण्ड के सामने गुप्ता प्रोविजन के नाम से संचालित है। प्रतिदिन की भांति 22 अगस्त की सुबह 9 बजे वह अपने प्रतिष्ठान को खोलने आया। तब उसे अपने दुकान के मुख्य शटर के दोनों साईड के ताला कटा और टूटा मिला। इससे उसे माजरे को समझने में देर नही लगी। उसने दुकान का शटर उठा कर देखा तो दराज में रखे हुए करीब 65,000 रुपए गायब मिले। इसके बाद उसने अपने भाई एवं परिचितों को घटना की जानकारी दी और प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीव्ही फुटेज को चेक किया तो कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करते नजर आ रहा है।

इसी तरह दूसरी चोरी की वारदात में प्रार्थी राजकुमार बंसल पिता राधेश्याम बंसल उम्र 45 वर्ष निवासी दुर्गा मंदिर रोड़ सारंगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका रायपुर रोड में बंसल प्रोविजन स्टोर्स के नाम से दुकान संचालित है। जिसे बीते दिन रात्रि करीब 9 बजे बंद कर अपने घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह 8 बजे खोलने आया तो देखा कि मुख्य शटर में लगा ताला टूटा मिला। ऐसे में दुकान में चोरी होने की आशंका से शटर उठाकर दुकान अंदर जाकर देखा तो दराज में रखे लगभग 40 से 50 हजार रूपए, बिक्र के लिए रखे सामान करीब 70 हजार रुपए को अज्ञात चोर ने पार कर रदिया था। फिलहाल सारंगढ़ पुलिस दोनों ही प्रकरण में अपराध दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज तथा संदिग्ध लोगों की धरपकड़ में जुट गई है।

## सामूहिक अवकाश से घरघोड़ा के सभी कार्यालयों में देखी गई तालाबंदी

**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए पूरे प्रदेश के अधिकारी एवं कर्मचारी एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहे, पूरे कार्यालय में ताला बंद दिखा।

फेडरेशन के संयोजक संतोष पांडे ने सभी कर्मचारियों-अधिकारियों के समक्ष 11 सूत्रीय मांगों को पढ़ा, जिसमें मोदी की गारंटी अनुसार प्रदेश के कर्मचारी पेंशनरों को केंद्र के समान दिए तिथि से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत दिया जाए। वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। लिपिको, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग की वेतन विसंगति दूर करने के लिए पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट जारी की जाए। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान क्रमशः 8,16,24,32 वर्ष में दिया जाए। सहायक शिक्षक, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरी समयमान वेतनमान दिया जाए। नगरीय निकायों कर्मचारियों को नियमित वेतन दिया जाए। कैशलेस स्वास्थ्य सेवाएं लागू किया जाए। अनुकंपा नियुक्ति से सीलिंग समाप्त किया जाए। मध्य प्रदेश की भांति अर्जित अवकाश का नगरीकरण 300 दिन का किया जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त सेवा लाभ प्रदान किया जाए। कार्यरत कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी अनियमित संविदा कर्मचारी को नियमित किया जाए।



उपरोक्त मांगों के समर्थन में बहुत बारिश होने के बाद भी एकत्र हुए एवं कर्मचारी भवन तहसील कार्यालय तक बारिश में भी छत्ता लेकर रैली के रूप में पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम अनुभागी अधिकारी राजस्व दुर्गा प्रसाद अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर संतोष पांडे, केशव प्रसाद पटेल, संतोष कुमार सिंह, रोहित डनसेना, हरिश्चंद्र बेहरा, आशीष शर्मा, अश्विनी दर्शन, विनोद मेहर, मनोज प्रधान, मनीष बिहादर, विजय पडा, सर्वेश मरावी, हरिश्चंद्र साव, ऋषिकेश साहू, खेमसागर पैंकरा, सूरज पैंकरा, गणेश्वर श्याम रवि शंकर भगत, गुलाब सिंह चौहान, रतनलाल बाबूलाल, मनीष नंदे, मनोज गुप्ता, कैलाश पटेल, परिमल तिवारी, एसडीओ पी एच ई, टिकेश प्रधान, प्रियंक दुबे, संतोष पैंकरा, अजय कुमार अशोक महापात्र, रामकुमार पटेल, योगेंद्र सिदार, ज्वाला एवं बहुत संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में एकत्र हुए थे पुर विकासखंड के शासकीय कार्य पुनः तह बंद थे।

### गजेंद्र यादव के मंत्री बनने पर यादव समाज में हर्ष

**बिलाईगढ़।** दुर्ग विधानसभा के विधायक गजेंद्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर यादव समाज में अपार हर्ष है। छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव को शिक्षा, उच्च शिक्षा, पशुपालन तथा मछली पालन मंत्री बनाए जाने पर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के यादव समाज में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनेश यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज की संख्या दूसरे स्थान पर होते हुए भी समाज को किसी भी क्षेत्र में प्रतिनिधित्व करने का अवसर नहीं मिल पा रहा था। जिसके कारण से समाज में असंतोष का वातावरण व्याप्त था। वहीं यादव समाज से किसी एक विधायक को विधानसभा में मंत्री बनाने को लेकर विभिन्न जगह समाज के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन भी सौंपा गया था। दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर समाज के लोगों द्वारा हर्ष व्यक्त करने वालों में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष फिरू यादव, धनसाय यादव, श्रावण यादव, साधराम यादव, भुनेश्वर यादव, सोनू चंद यादव, महादेवा यादव, उदल यादव, दुर्गेश यादव, अहीर यादव, सियाराम यादव, अभय यादव आदि शामिल हैं।

## डांडियापाली में जल निकासी मार्ग अवरुद्ध





हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

शहर से सटे डांडिया पाली विश्वकर्मा विहार जैन कॉलोनी और दयानंद नगर क्षेत्र में बारिश के दौरान जलभराव कृत्रिम बाढ़ गंभीर समस्या बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंचाई विभाग की जमीन और बाढ़ निकासी मार्ग एनएच का किनारा पर अवैध कब्जों के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है, जिससे थोड़ी सी बारिश में ही घरों में 2 से 3 फीट तक पानी भर जाता है।

राष्ट्रीय राजमार्ग और रेल मार्ग किनारे बनाए गए निकासी नालों पर भी अवैध निर्माण और अवरोध इस समस्या को और भयावह बना रहे हैं। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने बताया कि पिछले 10-15 वर्षों में बहुमंजिला इमारतों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के निर्माण के बाद स्थिति और बिगड़ी है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग की जमीन और जल निकासी मार्ग को शीघ्र कब्जा मुक्त कराना आवश्यक है वरना आने वाले वर्षों में हालात और बिगड़ सकते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की अनदेखी और लंबित योजनाओं के कारण यह समस्या विकराल होती जा रही है। तहसीलदार से इस विषय पर प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी, लेकिन स्थानीय नागरिकों मैं रामाशंकर प्रसाद, विकास सिंह, दिनेश यादव, संतोष प्रसाद, उमेश यादव, अशोक शाह, मंटू सिंह, शिव शंकर प्रसाद, प्रफुल्ल नायक, सुभाष शर्मा, विजय शंकर प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद सिंह आदि ने किसी भी तरह जल जमाव से छुटकारा दिलाने व जल निकासी की समस्या पर ध्यान देने के लिए जिला प्रशासन से तत्काल कड़े कदम उठाने की अपील की है।

■ चौतरफा अतिक्रमण से अंचल के लोगों का बढ़ा संकट

## खरसिया आईटीआई में नया कौशल, नई राह कार्यक्रम

**खरसिया।** सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) खरसिया में नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं के लिए 19 और 20 अगस्त को नए कौशल पथ – नई राह, नया हुनर शीर्षक से दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास से जुड़े अनेक विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके पश्चात उन्होंने नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए उन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय दिया और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। इसके बाद विभिन्न प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा अप्रेंटिस एक्ट, एनएपीएस पोर्टल, परीक्षा एवं सीबीटी प्रणाली, आईटीआई उत्तीर्ण उपरांत डिप्लोमा व डिग्री में प्रवेश तथा वीटीपी संबंधी विषयों की विस्तार से जानकारी दी गई। दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. प्रेमशंकर नेस्के, एसोसिएट प्रोफेसर ओपीजे यूनिवर्सिटी पिथौरा एवं प्रशिक्षण अधिकारी सुब्रत कुमार मीणा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके किया।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**सरिया।** ब्रह्माकुमारी संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 41 यूनिट रक्त जिला चिकित्सालय को सौंपा गया है। ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर संस्थान द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का अभियान पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है।

इन आयोजनों के माध्यम से संस्थान के द्वारा एक लाख यूनिट रक्त इकट्ठा करके समाज सेवा कार्य में लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में सरिया संस्था में भी भारी बारिश के बीच 22 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन सेवा केंद्र भवन सरिया में आयोजित किया गया। जहां संस्था के कार्यकर्ताओं सहित नगरवासियों के सहयोग से 41 यूनिट रक्त इकट्ठा की गई। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सुनयना दीदी ने पूरी 41 यूनिट रक्त को जिला चिकित्सालय रायगढ़ के अधिकारियों को जन सेवार्थ सौंप दिया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सुनयना दीदी ने सभी समाजसेवी अतिथियों एवं रक्तदान करने वाले भाई बहनों का फूल गुलदस्ते के साथ साथ स्वागत उद्बोधन के माध्यम से स्वागत किया। इस अवसर पर रायगढ़ सेवा केंद्र प्रभारी राधिका दीदी ने संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के जीवन की सारगर्भित सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए पुण्यतिथि को विश्व बंधुत्व की दिशा में एक ठोस कदम बताया। कार्यक्रम में सारंगढ़ से पधारे प्रमुख समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल ने रक्तदान को कन्यादान से भी उच्च बताते हुए सबको इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सरिया के जुगल किशोर अग्रवाल, युवा समाजसेवी भ्राता भरत अग्रवाल, नारायण अग्रवाल खरसिया के वरिष्ठ समाजसेवी शिवकुमार अग्रवाल आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## अवैध खदानों व क्रशरों पर कार्रवाई जांच तक ही सीमित

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के विभिन्न हिस्सों में पत्थर खदानों और क्रशरों का संचालन ओडिशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ओएसपी सीबी की अनुमति के बिना ही जारी है।

शिकायतों की पुष्टि के बाद भी अब तक ठोस कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में रोष है। क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि अवैध खदानों और क्रशरों की जांच की जा रही है और नोटिस भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्तता और सीमित संसाधनों के चलते कार्रवाई में विलंब हुआ है लेकिन शीघ्र ही ठोस कदम उठाए जाएंगे। वहीं एक स्लैग क्रशर को बंद करने की सिफारिश के बावजूद अभी तक जिला प्रशासन स्तर पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सूत्रों के अनुसार क्षेत्रीय कार्यालय की सीमित क्षमता और कार्यबल की कमी के कारण बड़े पैमाने पर कार्रवाई मुख्यालय पर निर्भर रहती है। खदानों में उपयोग होने वाले विस्फोटक और उनकी सप्लाई चेन को भी जांच के दायरे में लाना आवश्यक बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बाद भी खानापूर्ति जैसी जांच से अवैध कारोबारियों का हौसला बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल कड़ी और पारदर्शी कार्रवाई ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रशासन की साख को कायम रख सकती है।

## पेज 1 का शेष

### सड़क में चलना हुआ ...

पता नहीं चल पा रहा है। सरकार किसी भी पार्टी की हो शहर वासियों को अच्छी सड़क देखने का मौका कभी मिला ही नहीं। बरसात के दिनों में बड़े बड़े गड्ढ़े ही पत्थलगांव की बड़ी पहचान बन चुका है। जिसे अन्य शहरों के लोग रोज ही यहां के लोगों से मिलने पर सबसे पहले पत्थलगांव के शहर के सड़कों का हाल पूछ ही लेते है। जहां उन्हें जबाब में पता चलता है कि सड़क में विशालकाय गड्ढों ने अपनी जगह बना ली है जहां से आम ब्यक्ति को खुद को भी बचाना है और अपने वाहन को बचाने की जद्दोजहद करनी है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग से लेकर उच्च अधिकारियों का इन सड़कों से मुंह फेर लेना ये साबित करता है कि शहर वासियों को एक अच्छी सड़क तक नसीब नहीं है। पत्थलगांव नगरपालिका के पार्षद संजय तिवारी ने बस स्टैंड के राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के विशालकाय गड्ढों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमेशा ही राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी कुम्भकर्णी नींद में रहते है। जिसके चलते शहर वासियों से लेकर आसपास के गांव के लोग सड़क से यातायात करने वाले लोग काफी ज्यादा परेशान होते है। गड्ढे इतने बड़े है कि चक्के वाहन के पूरे अंदर घुस जा रहे है पर एनएच विभाग है कि सड़कों की देखभाल से लेकर गड्ढों को ठीक करने में कुछ भी करता नहीं दिखता। जिसके चलते शहर वासियों को भारी दिक्कतें हो रही है अन्य और कोई आने जाने के रास्ते मौजूद नहीं है जिससे इधर से उधर जाया जा सके। वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन यादव ने बताया कि जिस तरह बस स्टैंड में बड़े बड़े गड्ढे है उससे और बड़े बड़े गड्ढे अम्बिकापुर रोड कदम घाट से पहले है। जहां से आप अपने वाहन को पार करने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। वाहनों से चलने वाले लोग अपने चलने लायक सड़क ढूंढते देखे जाते है। जहां से कम परेशानियों के साथ निकला जा सके। वाहन के ड्राइवरों को तो यही समझ में नहीं आता कि राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो चुके है या गड्ढे में सड़क ने अपना स्थान बना लिया है।

### जिला मुख्यालय से ...

चुकी है। रोज इसी रास्ते से जाना पड़ता है, डर लगता है कि कहीं गाड़ी समेत सड़क ही नीचे न चली जाए। गांवों की कनेक्टिविटी टूटी, ग्रामीण परेशान- इस मार्ग पर निर्भर पंडरापाठ, रौनी, चांदो समेत दर्जनों गांवों के लोगों को अब आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार, अस्पताल, स्कूल तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में यह मार्ग पूरी तरह ठप हो सकता है। महिला मीना देवी ने कहा कि "हमने कई बार जनपद और तहसील कार्यालय में जानकारी दी, लेकिन कोई अधिकारी यहां तक झांकने नहीं आया। अगर समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। इधर बगीचा विकासखंड प्रशासन का कहना है कि लगातार हो रही बारिश से मरम्मत कार्य में दिक्कत आ रही है। अधिकारी जल्द मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन करेंगे और अस्थायी मरम्मत का काम शुरू करेंगे। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन त्वरित कार्रवाई करेगा, वरना यह मार्ग पूरी तरह ध्वस्त होकर क्षेत्र की जीवनरेखा को तोड़ देगा।

### लाखा के पास तेज रफ्तार कार पलटी

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र के लाखा के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार पति-पत्नी की जान बाल-बाल बची। घायल दंपती का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। दरअसल रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग पर भारी वाहनों की रेलमपेल की वजह से काफी दुर्घटनाएं होती हैं तो वहीं जाम की स्थिति भी बनती है। शुक्रवार को भी इस मार्ग पर ग्राम लाखा के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे से जंगल की ओर घुस कर पलट गई। इस भयानक हादसे को देख आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। पलटने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहां उपस्थित लोगों ने जब कार के पास जाकर देखा तो उसमें सवार पति पत्नी सुरक्षित थे, जिसे देख लोगों ने राहत की सांस ली।

